# 14. काल

क्रिया के जिस रूप से उसके करने, होने या घटने के समय का पता चले, उसे काल कहते हैं। काल बताता है कि क्रिया हो रही है, होगी या हो चुकी है।

## शिक्षण-संकेत

- शिक्षक/शिक्षिका छात्रों से पूछें कि उन्होंने कल क्या-क्या किया था। अभी वे क्या कर रहे हैं तथा अगली कक्षा में उन्हें क्या कराया जाएगा आदि प्रश्नों द्‌वारा काल को समझाने का प्रयास करें।
- छात्रों से काल के विषय में जानें। काल की परिभाषा बताने के लिए कहें।
- पृष्ठ 104 पर दिए वाक्यों को पढ़वाएँ और उनका काल पूछें।
- काल के भेद बताएँ। पृष्ठ 104-106 पर दिए काल के भेदों, उपभेदों पर विस्तार से चर्चा करें।
- शिक्षक/शिक्षिका ब्लैकबोर्ड पर कुछ वाक्य लिखें और छात्रों से वाक्यों की क्रिया का काल पूछें।
- सभी छात्रों को अभिव्यक्ति का अवसर दें।
- सुनिश्चित करें, छात्र भली-भाँति काल को समझ पाए हैं या नहीं।
- पाठ अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर छात्रों से पूछें। लिखित प्रश्न भी जाँचें। त्रुटि होने पर सुधार करवाएँ।